जनसुनवाई में वर्षों पुरानी समस्याओं का त्वरित निस्तारण

राजसमंद, । जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में नागरिकों की वर्षों से लंबित कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने की। इस दौरान कुल 37 प्रकरण प्रस्तुत हुए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न भागों से आए लोगों ने भूमि विवाद, पेंशन, आवासीय समस्याएं, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति, सडक निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं और आर्थिक सहायता से जुडे मुद्दे रखे। कलक्टर हसीजा ने इन प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से मौके पर ही संवाद कर कई समस्याओं का निस्तारण कराया। शेष मामलों पर शीघ्र एवं समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं बल्कि वास्तविक समाधान सुनिश्चित करना है। प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता यही है कि हर नागरिक को राहत मिले। इस दौरान एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एसडीओ बृजेश गुप्ता, नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और विकास अधिकारी वीसी के माध्यम से जुडे।

एमडी में अध्यापक-अभिभावक परिषद की बैठक में

■ रिमार्केबल एजुकेशन के कॉर्डिनेटर ने की सहभागिता

राजसमंद, । जिला मुख्यालय के समीप स्थित राउमावि एमडी में गुरूवार को अध्यापक-अभिभावक परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पीईओ और प्रधानाचार्य भानुकुमार वैष्णव ने की। शारिरीक शिक्षक धर्मेन्द्र अनोखा ने बताया कि बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में रिमार्केबल एजुकेशन के कॉर्डिनेटर राजदीप सिंह और करिश्मा कुमावत ने अपने अनुभव के आधार पर अपना प्रेजेंटेशन दिया। उन्होनें अभिभावकों को बालको के केरियर से संबंधित दिशा-निर्देश प्रदान किए। अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए बालक-बालिकाओं के केरियर बनाने के लिये कहा कि बच्चों की सुने, समझे और उनकी भावनात्मक रूप से मदद करते हुए उन्हें इज्जत दें, साथ ही बच्चों को फोन का वाजिफ उपयोग, बच्चों की संगत बच्चों की पसंद आदि के बारे में विस्तार से चर्चा-परिचर्चा की। प्रधानाचार्य बीके वैष्णव ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में उन्नयन के बारे में अभिभावकों की जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों पर पैनी निगाह रखने की आवश्यकता है। शारीरिक शिक्षक अनोखा ने समय की पाबन्दी, विद्यालय अनुशासन, खेलकूद, स्काउटिंग, विद्यालय पोषाक, नियमितता पर अपनी बात रखते हुए शिक्षा विभाग की मंशानुरूप बालकों का सर्वांगीण विकास कैसे हो आदि पर अपने विचार रखे। अध्यापक-अभिभावक बैठक में अभिभावक घासीराम सालवी, चिरंजीलाल जांगिड, दिनेश चन्द्र, किशन लाल भील, कालुराम भील, प्रकाश कीर, कैलाश चन्द्र, उदयलाल, दिनेश जाट, नगजीराम, नारायण लाल, रामलाल, भरत भील, बंशीलाल गुर्जर, निर्मला भील, रमेश प्रजापत, सुरेश चन्द्र, बालुलाल, हजारीलाल, पुरण सिंह राठौड, हरिराम, फत्तुदेवी, ललिता लोहार, बाबुलाल कीर, संतोषदेवी, रेखा माली सहित कई अभिभावक मौजूद थे।

शिक्षक संघ के चुनाव 24 को

राजसमंद, । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा आमेट, भीम, देवगढ, कुंभलगढ और रेलमगरा के चुनाव प्रदेश निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 24 अगस्त रविवार को होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी योगेश कुमार के निर्देशन अनुसार जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह चारण ने बताया की उप शाखा आमेट के चुनाव सेठ तख्त मल अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय भीम के राबाउमावि बरार, देवगढ के राउप्रावि सोलंकी दरवाजा, कुंभलगढ के महाराणा प्रताप राउमावि और रेलमगरा के चुनाव राउप्रावि सती चौराहा गिलुंड रोड में होंगे। सुबह 8 बजे से सूची प्रकाशन से प्रारंभ होंगे, नामांकन 9 से 11 बजे तक होगा, तत्पश्चात आवश्यकता होने पर विभिन्न पदों पर चुनाव होंगे।

मार्बल व्यवसाय को राहत दे

राजसमंद, । जिला मार्बल ट्रेडर्स एसोसिएशन की आवश्यक बैठक गुरूवार को मार्बल मार्केट मोरचना में अध्यक्ष गोविंद सनाढय की अध्यक्षता में हुई। महामंत्री सुशील बडाला ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा 23 जुलाई को नोटिफिकेशन जारी कर मार्बल पर अप्रत्याशित 25 प्रतिशत दर से रायल्टी बढाकर दी जो कि न्याय संगत नहीं है। 22 दिन से डिस्पैच बंद होने से सैकडों मजदूर पलायन कर गये। सैकडों मार्बल इंडस्ट्रीज बंद होने से रेवेन्यू के नुकसान के साथ साथ व्यवसाय को भी भारी हानि होने के बावजूद सरकार ने अभी तक कोई पुरी बढी रायल्टी कम करने का कोई ठोस निर्णय नही लिया है । गोविंद सनाढय ने कहां कि विगत 4-5 सालों से मार्बल व्यवसाय भयंकर मंदी के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में मार्बल पर जीएसटी व रायल्टी कम करने की बजाय रायल्टी बढा दी। सभी वर्ग आर्थिक संकट से गुजर रहे है ऐसे में सरकार से एशोसियेशन के माध्यम से जानना चाहते है कि सरकार का ऐसा कौनसा मापदंड है जिसमें राजसमंद में निकलने वाले ग्रेनाइट पर रायल्टी मात्र 1० प्रतिटन बढाई जबकि मार्बल पर 8० प्रतिटन बढा दी।

अहीर समाज कल मनाएगा भव्य नंदोत्सव

राजसमंद, । अहीर समाज द्वारा इस वर्ष भी भव्य नंदोत्सव का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। आयोजक कमेटी के सदस्य लेहरुलाल अहीर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को सुबह 1० बजे जेके सर्कल से विट्ठल विलास बाग तक बाइक रैली निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 1०:3० बजे से विशाल जुलूस शुरू होगा, जिसमें द्वारकाधीशजी, कृष्ण, राधा, बलराम और अन्य कलाकारों की झांकियां शामिल होगी। इस जुलूस में अहीर समाज की महिलाएं 551 दही और माखन की मटकियां लेकर नाचते-गाते हुए आगे बढेगी।

बीएन पीजी गर्ल्स कॉलेज में इंडक्शन कार्यक्रम

राजसमंद, । कांकरोली स्थित बीएनपीजी गर्ल्स कॉलेज के प्रबन्ध व वाणिज्य संकाय तथा बीसीए विभाग द्वारा 5 दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरूवार को महाविद्यालय में संचालित सभी सेल एनसीसी, एनएसएस और रेड रिबन क्लब के बारे में जानकारी प्रदान की। प्राचार्य प्रो अपर्णा शर्मा ने बताया कि इंडक्शन कार्यक्रम के दूसरे दिन महाविद्यालय में संचालित सभी सेल प्रभारियों द्वारा सेल के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की और छात्राओं को अभिप्रेरित किया गया कि वह किसी न किसी सेल की सदस्यता प्राप्त कर अपनी व महाविद्यालय की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। उपाचार्य डॉ इंद्रसिंह राठौड ने महाविद्यालय इतिहास का संक्षिप्त परिचय दिया देते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में किसी एक क्षेत्र को अपना लक्ष्य बनाकर उसी पर निरंतर आगे बढते रहना चाहिए। एनएसएस प्रभारी डॉ अनुसुया उपाध्याय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसकी सदस्यता प्राप्त कर स्वयं सेविकाएं समाज के कल्याण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ विनिता पालीवाल ने एनसीसी को विस्तार से समझाया और छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनसीसी जॉइन करने से छात्राओं का सर्वांगीण विकास सम्भव है। रेडरिबन प्रभारी डॉ संगीता मालपानी ने बताया कि इस क्लब की सदस्यता प्राप्त करने के बाद छात्राओं के मन में घायलों की सेवा, रक्तदान, एड्स के प्रति जागरूकता आदि के भाव उत्पन्न होते है। ये क्लब पूरी तरीके से समाज सेवा की ओर अग्रसर करता है।

विधायक ने किया कार्यों का निरीक्षण

राजसमंद, । कांकरोली स्थित श्रीबालकृष्ण स्टेडियम में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं नवीनीकरण कार्यों का गुरूवार को विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए तथा कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के समय मैदान के समतलीकरण, सौंदर्यीकरण, जल निकासी व्यवस्था, स्टेडियम में आवश्यक सुविधाओं और मरम्मत कार्यों की कार्य योजना पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। विधायक दीप्ति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हों, जिससे क्षेत्रवासियों को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि स्टेडियम का आधुनिक स्वरूप क्षेत्र की खेल गतिविधियों और स्थानीय प्रतिभाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके नवीनीकरण से खेल प्रेमियों एवं युवाओं को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी तथा खेल भावना को और अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही यह स्टेडियम विभिन्न आयोजनों के लिए भी मजबूत आधार बनेगा। निरीक्षण दौरान भाजपा अध्यक्ष दिनेश कुमावत, भाजयुमो अध्यक्ष मोहन कुमावत, पूर्व नगर अध्यक्ष महेंद्र टेलर, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, नगरपरिषद आयुक्त ब्रजेश राय, नगर महामंत्री रजनीकांत साहू, भगवान सिंह केलावत, पूर्व पार्षद राजेश पालीवाल, युवा मोर्चा जिला महामंत्री ललित खींची, मोहन कुमावत, प्रकाश रांका, पंकज बाफना, जयदयाल कुमावत सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

शिविर आयोजित

राजसमंद, । जिला कांग्रेस सेवादल की ओर से आयोजित तीन दिवीसय आवासीय प्रशिक्षण शिविर के दुसरे दिन गुरूवार की शुरूआत वन्दे मातरम से हुई। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष पुष्कर श्रीमाली ने बताया संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर की विवघता ध्वज वन्दन कार्यक्रम प्रदेश सेवादल उपाध्यक्ष और जोन प्रभारी के मुख्य आतिथ्य ध्वज रोहण किया गया। सत्र में प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत ने बोद्धिक विचार व्यक्त करते हुए संगठन निर्माण और नेतृत्व निर्माण, राष्ट्रीय प्रशिक्षक देवेन्द्र शर्मा ने कांगे स पार्टी का इतिहास को विस्तार से जानकारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पण्डित जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, भीम राव अम्बेडकर एक महान स्वतन्त्रता सेनानियो महापुरुषो के बारे में विचार व्यक्त किए।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.11( )/Regin-II/2025/1183 दिनांक: 19-8-2025

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम झरनों की सराय के खसरा नम्बर 6 से 23, 25, 107, 600/107, 601/107, 602/106, 108, 123, 127/1, 128 से 133, 134/1, 135/1, 136 से 150, 151/1, 151/2, 152 से 157, 160, 161, 162 से 201, 204, 207, 208, 209, 212, 214, 220 से 229, 231, 232, 603/163/2, एवं राजस्व ग्राम डागियों की पंचोली के खसरा संख्या 3, 6 से 22, 29, 30, 31 राजस्व ग्राम धोली मगरी के खसरा संख्या 1545 से 1551, 1552मी, 1553, 1554मी. के अनुमोदित योजना प्लान में स्थित भूखण्ड संख्या 836 नया (106 पुराना) क्षेत्रफल 1077.00 वर्गफीट के नियमन हेतु श्रीमती भानुप्रिया पत्नी श्री सुरेश जी चौबीसा, निवासी-गांव अमिरामा वाया बान्सी, पोस्ट बड़वल, तहसील बड़ी सादड़ी, जिला चित्तौड़गढ़, (राज.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं। उक्त भूखण्ड आवेदक द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय-पत्र दिनांक 13/05/2024 से श्री घनश्याम पिता श्री गोपीलाल जी गोराणा से क्रय कर प्राप्त किया हैं।

अतः वर्णित भूखण्ड का पट्टा विलेख आवेदक श्रीमती भानुप्रिया पत्नी श्री सुरेश जी चौबीसा निवासी-गांव अमिरामा वाया बान्सी, पोस्ट बड़वल तहसील बड़ी सादड़ी, जिला चित्तौड़गढ़, (राज.) के पक्ष में किये जाने के संबंध में यदि किसी संस्था/व्यक्ति/फर्म इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 10 दिवस की अवधि में इस कार्यालय को प्रस्तुत करावें, अन्यथा इस अवधि उपरान्त पट्टा विलेख आवेदक के पक्ष में जारी किया जावेगा।

(जितेन्द्र ओझा) उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय नगर परिषद राजसमन्द, जिला-राजसमन्द

क्रमांक : न.प.रा./2025/400 दिनांक: 20/08/2025

आपत्ती सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स न्यु लुक होटल एण्ड रिसोर्टस प्रा.लि.जरिये डायरेक्टर श्री प्रकाशचन्द्र पगारिया पिता श्री सोहनप्रकाश पगारिया निवासी मीरानगर जलचक्की कांकरोली को कार्यालय प्राधिकारी उपखण्ड अधिकारी राजसमन्द के आराजी संख्या 1101/717/4 का मिसल संख्या रेवेन्यू/364/97 पट्टा संख्या 170 दिनांक 15.05.1998 को 2573.22 वर्गगज का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ जारी किया गया है व आराजी संख्या 1101/1/717/2 का मिसल संख्या रेवेन्यू/373/97 पट्टा संख्या 171 दिनांक 15.05.1998 को 2572.77 वर्गगज का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ जारी किया गया है। यह कि दोनो वाणिज्यिक भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 46313.91 वर्गफीट यानि 4304.26 वर्गमीटर का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ रूपान्तरण किया गया, जिसमें से 17325 वर्गफीट यानि 1610.13 वर्गमीटर का वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ से वाणिज्यिक पेट्रोल पम्प प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। उक्त भू-उपयोग परिवर्तन करने में कोई आपत्ती हो तो 15 दिवस में अपनी आपत्ती लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमन्द

कार्यालय नगरपरिषद् डूँगरपुर (राज.)

फोन (का) :- 02964-232459, फैक्स :- 02964-233690, Email Id:- npd.dpr@gmail.com

क्रमांक :- एफ/भूमि/न.प.डूं./2025-26/2467 दिनांक :- 19.08.2025

भूखण्डों की ई-नीलामी सूचना - 22

भूखण्डों की ई-निलामी सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् डूँगरपुर में परिषद की अनुमोदित **नवाडेरा आवासीय योजना, वसुंधरा विहार आवासीय योजना एवं केन्द्रिय विद्यालय के सामने वाणिज्यिक ब्लॉक में** दर्शित भू-खण्ड व साईज अनुसार निम्नांकित दिवसों में विक्रय किये जायेगे। जिसका ब्यौरा एवं नीलामी की शर्ते कार्य दिवस में कार्यालय में एवं पोर्टल पर ऑनलाईन देखी जा सकती है। उक्त निलामी निर्धारित दिनांक प्रातः 11:00 बजे से ऑनलाईन पोर्टल http://sso.rajasthan.gov.in में ई-ऑक्शन एप्लीकेशन (E-Auction Application) के माध्यम से राजस्थान नगर पालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 के प्रावधानों के अन्तर्गत सार्वजनिक निलामी से आवासीय भू-खण्ड विक्रय हेतु की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित दिनांक से दो दिवस पूर्व तक अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर बोली में भाग ले सकते है। भूखण्डों की बोली ऑनलाईन निर्धारित दिनांक को प्रातः 11.00 बजे से प्रारम्भ की जाकर अंतिम बोली समाप्ति तक रखी गई है। भूखण्ड जिस स्थान व जिस स्थिति में होंगे उसी स्थिति में विक्रय किये जायेंगे। जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	योजना का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड का प्रकार	क्षेत्रफल (वर्गफीट)	न्यूनतम निर्धारित दर प्रति वर्गफीट	तादाद भूखण्डों की संख्या	अमानत राशि (प्रति भूखण्ड)	बोली प्रक्रिया/ आवेदन शुल्क	नीलामी तिथि
1.	नवाडेरा आवासीय योजना	14 पार्ट (कॉर्नर भूखण्ड)	वाणिज्यिक	39'X60'= 2340 वर्गफीट	2800	1	131040/-	1000/-	09.09.2025 से 12.09.2025 तक
2.	नवाडेरा आवासीय योजना	भूखण्ड नं. 28 व भूखण्ड नं. 29 पार्ट	आवासीय	साईज 25'X50' = 1250 + 1/2 (24'X50') = 600 वर्गफीट कुल भूखण्ड साईज 1850 वर्गफीट	2300	1	85100/-	1000/-	
3.	नवाडेरा आवासीय योजना	भूखण्ड नं. 16 व भूखण्ड नं. 15 पार्ट	आवासीय	साईज 25'X50' = 1250 वर्गफीट + 1/2 (20'X50') = 500 वर्गफीट कुल साईज 1750 वर्गफीट	2300	1	80500/-	1000/-	
4.	नवाडेरा आवासीय योजना	भूखण्ड नं. 20 व भूखण्ड नं. 21 पार्ट	आवासीय	साईज 25'X50' = 1250 वर्गफीट + साईज 12'+16'/2X50' = 700 वर्गफीट कुल भूखण्ड साईज 1950 वर्गफीट	2300	1	89700	1000/-	
5.	नवाडेरा आवासीय योजना	भूखण्ड नं. 22	आवासीय	16'+18'/2X50' = 850 वर्गफीट	2300	1	39100	1000/-	
6.	नवाडेरा आवासीय योजना	भूखण्ड नं. 23 से 27	आवासीय	25'X50' = 1250 वर्गफीट	2300	5	57500	1000/-	
7.	वसुंधरा विहार आवासीय योजना	71	आवासीय	40'+48'/2 X 50' = 2200 वर्गफीट	2300	1	101200/-	1000/-	
8.	वसुंधरा विहार आवासीय योजना	72	आवासीय	48'+60'/2 X 60' = 3240 वर्गफीट	2300	1	149040/-	1000/-	
9.	केन्द्रिय विद्यालय के सामने खसरा नं. 620 पार्ट	कॉर्नर ब्लॉक	वाणिज्यिक	8186 वर्गफीट	2800	1	458416/-	1000/-	

ई-निलामी सम्बन्धित समय व दिनांक का विवरण :-
ई निलामी से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेबसाईट http://sso.rajasthan.gov.in ई-ऑक्शन एप्लीकेशन (E-Auction Application) के माध्यम से देखी जा सकती है।

नीलामी दिनांक 09.09.2025 से 12.09.2025 का विवरण

विवरण	दिनांक व समय
ई-नीलामी आवेदन डाउनलोड करने की तारीख	02.09.2025 रात 12:00 बजे से 08.09.2025 सायं 06:00 बजे तक
ई-नीलामी में भाग लेने हेतु राशि जमा कराने की तारीख	02.09.2025 रात 12:00 बजे से 08.09.2025 सायं 06:00 बजे तक
ई-नीलामी की तारीख	09.09.2025 को प्रातः 11:00 बजे से 12.09.2025 सायं 6:00 बजे तक

नीलामी शर्ते :-
1. बोली लगाने से पूर्व बोलीदाता को प्रत्येक भूखण्ड हेतु निर्धारित अमानत पृथक-पृथक जमा होने पर बोली में भाग ले सकेंगे। उक्त धरोहर (अमानत) राशि ऑनलाईन ही जमा करवाना अनिवार्य होगा।
2. यह भूमि विक्रय राज. नगर पालिका भूमि निष्पादन नियम 1974 नियम से संशोधन 02 को 2010 व उनके द्वारा जारी परिपत्रों के अन्तर्गत की जा रही है।
3. निलामी बोली में कॉर्नर प्लाट पर अन्तिम नीलामी की 10 प्रतिशत अतिरिक्त राशि देय होगी।
4. जिस व्यक्ति के नाम अमानत राशि की रसीद कटेगी परिषद् द्वारा उसी व्यक्ति के नाम का पट्टा जारी किया जावेगा। नाम में किसी प्रकार का संशोधन नही किया जावेगा।
5. उच्चतम बोली लगाने वाले को भूखण्ड नीलामी की निर्णय दिनांक से सात कार्य दिवस के भीतर अपनी बोली का 15 प्रतिशत राशि जमा कराना अनिवार्य होगा
6. सफल बोलीदाता द्वारा बोली की रकम 35 प्रतिशत भाग नीलामी दिनांक से 120 दिवस के अन्तर्गत जमा कराना आवश्यक होगा। तथा शेष 50 प्रतिशत राशि निलामी दिनांक से 180 दिवस के अन्तर्गत जमा करना आवश्यक होगा। असफल रहने पर बोली स्वीकार करने की तिथि से मूल राशि पर 18 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज प्रभारित किया जायेगा।
7. भूखण्ड 99 वर्ष लीज होल्ड पर अरबन सेटलमेन्ट ग्राउण्ड रेट के आधार पर विक्रय किया जावेगा जिसकी लीज राशि आवासीय होने पर 2.50 प्रतिशत एवं वाणिज्यिक होने पर 5 प्रतिशत नियमनानुसार क्रेता द्वारा जमा करानी होगी।
8. लीज डीड शाश्वत लीज पत्र का विधिवत पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा जिसकी स्टाम्प व नक्शा एवं रजिस्ट्री का व्यय भू-खण्ड क्रेता का होगा।
9. बोली स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सभापति एवं आयुक्त नगर परिषद डूँगरपुर के पास सुरक्षित रहेगा जिसका कारण बताना आवश्यक नही होगा।
10. 03 वर्ष की अवधि के अन्दर नियमों के अन्तर्गत नक्शा स्वीकृत करवाकर क्रेता को भवन निर्माण करवाना होगा। यदि 03 वर्ष की अवधि में भवन निर्माण नही करवाया गया तो जमा कराई गई सम्पूर्ण राशि को परिषद द्वारा जब्त कर लिया जावेगा तथा पालिका द्वारा राशि जब्त कर भूखण्ड को निरस्त कर अपने कब्जे में ले लिया जावेगा तथा पुनः नीलाम कर दिया जावेगा।
11. भूमि के मानचित्र एवं शर्ते/प्रतिबन्ध व समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकेगी।
12. उपरोक्त भूखण्डों का मौके पर क्षेत्रफल कम या ज्यादा होगा तो उसके आधार पर ही राशि जमा करानी होगी।
13. समयावधि घटाने-बढाने का अधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
14. बोली बढाने की राशि कम से कम 50/- रूपये रहेगी। इससे कम बोली की राशि बढाने पर मान्य नहीं होगी।

राज.संवाद/सी/25/8479 सभापति आयुक्त

कार्यालय ग्राम पंचायत ऋषभदेव पं.स. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर

क्रमांक:-एफ( )/ग्रापंका/लेखा/ई-निविदा/2025/67 दिनांक-18.08.2025

-: ई निविदा सूचना :-

ग्राम पंचायत ऋषभदेव में ग्रामीण विकास योजना के कार्य हेतु निर्माण कार्य एवं दोष निवारण के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग व नगर निगम मे पंजीकृत संवेदक एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/ केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा एवं विस्तृत शर्ते कार्यालय दिवस में कार्यालय में एवं टेण्डर डॉक्युमेंट http:// eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देख सकते है।

UBN No- ZUD2526WSOBO1782
ZUD2526WSOBO1783

प्रशासक, ग्राम पंचायत ऋषभदेव, पं.स. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ऋषभदेव, पं.स. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर

मार्बल रॉयल्टी वृद्धि और अन्य विकास मुद्दों पर की चर्चा

राजसमंद, 21 अगस्त। नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड ने राज्य सरकार द्वारा जिले में मार्बल पर बढाई गई रॉयल्टी के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से चर्चा की।

बैठक में राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और जनहित में योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने पर विचार विमर्श हुआ। सांसद ने मुख्यमंत्री से कहा कि जिले के मार्बल उद्योग को बढावा देने और स्थानीय श्रमिकों के रोजगार को सुनिश्चित करने के लिए रॉयल्टी में वृद्धि को पुनः विचारने की आवश्यकता है। उन्होंने इस मुद्दे को क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण बाधा के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे स्थानीय उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। बैठक में सांसद ने संसदीय क्षेत्र के समग्र विकास के लिए युवाओं के रोजगार, कुंभलगढ और चित्तौडगढ जैसे ऐतिहासिक किलों के संरक्षण, पर्यटन को बढावा देने और उद्योगों में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता देने जैसे मुद्दों पर भी जोर दिया। सांसद मेवाड ने मुख्यमंत्री से इन सभी मुद्दों पर शीघ्र कार्यवाही करने का अनुरोध किया, ताकि क्षेत्र की जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड और राजस्थान के सभी राज्यसभा और लोकसभा सांसद मौजूद थे।

प्रतियोगिताएं प्रांरभ हुई

राजसमंद, । उदयपुर संभाग के वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालयों के 19 वर्षीय छात्र वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ गुरूवार को शंकरपुरा स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक दीप्ति माहेश्वरी, विशिष्ठ अतिथि प्रधान अरविंदसिंह राठौड और संभागीय उपनिरीक्षक राममोहन शर्मा थे, अध्यक्षता संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी भगवती शंकर व्यास ने की। विधायक दीप्ति ने कहा कि देववाणी संस्कृत समस्त भाषाओं की जननी है, इसी से संस्कृति और संस्कार पुष्ट होते है, उन्होंने मेवाड वागड अंचल के विभिन्न जिलों से आए सभी बालकों को बधाई दी। अतिथियों के दीप प्रज्ज्वलन सरस्वती पूजा के पश्चात् जिला नोडल अधिकारी अल्का पालीवाल, उपसरपंच पुष्कर गुर्जर, शंभुसिंह, लक्ष्मणसिंह, पूरण सिंह सहित ग्रामवासियों, विद्यालय विकास एवं प्रबंध समिति के सदस्यों ने अतिथियों का तिलक, उपरणा मेवाडी पाग, शॉल भेंटकर स्वागत किया। स्थानीय विद्यालय की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय जावदा चित्तोडगढ के छात्रों द्वारा ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद की ऋचाओं द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया।

राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय कनवा बस्ती नाथद्वारा के छोटे छोटे छात्रों ने मनमोहक जिमनास्टिक प्रदर्शन कर खुब तालियॉ बटोरी। केन्द्राध्यक्ष एवं स्थानीय प्रधानाचार्य अनुराग सोलंकी ने स्वागत उद्बोधन में विद्यालय एवं प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रार्थना एवं अन्य सामुहिक कार्यक्रमों के लिए एक कान्फ्रेंस हॉल की आवश्यकता बताई। संभागीय उपनिरीक्षक राममोहन शर्मा ने स्थानीय ग्राम में बीएसटीसी की आवश्यकता बताते हुए विधायक से प्रयास करने का आग्रह किया। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक माधवलाल जाट, जितेन्द्र पाटीदार, पवन पंड्या ने मुख्य अतिथि को आवश्यक जानकारियॉ देते हुए खिलाडी परिचय का क्रम सम्पन्न कराया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रतियोगिता शुभारम्भ की घोषणा करते हुए ध्वजारोहण किया। सभी खिलाडियों को संस्कृत में शपथ दिलाई गई।

कार्यालय ग्राम पंचायत ऋषभदेव पंचायत समिति ऋषभदेव, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-166 दिनांक-20.08.2025

-: ई निविदा सूचना-02/2025-26 :-

ग्राम पंचायत ऋषभदेव में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 26.08.2025 दोपहर 12 .00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

Tender ID-2025_PRD_495543_1
NIB No1. ZUD2324A0222
UBN No1. ZUD2324GLOB00289

प्रशासक, ग्राम पंचायत ऋषभदेव, पं.स. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ऋषभदेव, पं.स. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत बेड़ावल, पंचायत समिति लसाड़िया, जिला सलुम्बर (राज.)

क्रमांक:-113 दिनांक-14.08.2025

-: ई निविदा सूचना-01/2025-26 :-

ग्राम पंचायत बेड़ावल में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 25.08.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No 1 ZUD2526GLOB01733

प्रशासक, ग्राम पंचायत बेड़ावल, पं.स. लसाडिया, जिला- सलुम्बर (राज.)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बेड़ावल, पं.स. लसाडिया, जिला- सलुम्बर (राज.)

मलेरिया, डेंगू व स्क्रबटाइफस से बचाव के लिये करें उपाय

राजसमंद, । मौसमी बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सम्पूर्ण जिले में घर- घर सर्वे कार्य शुरू कर दिया है, जिससे समय पर संभावित रोगियों को चिन्हीत कर उपचार मिल सके तथा आमजन को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिये आवश्यक ऐह